# कार्यालय नगरपालिका परिषद बहराइच

पत्रांक– 637/14वॉ वित्त आ0/नेशनल फ्लैग–ई टेण्डर/2021–22 दिनांक 15 नवम्बर 2021

**संशोधित ई–निविदा सूचना**

नगरपालिका परिषद बहराइच द्वारा 14वॉ वित्त आयोग के अन्तर्गत स्वीकृत कार्यों में से निम्न कार्य हेतु भारत देश में अधिकृत समस्त अनुभवी पंजीकृत फार्मो से ई–टेण्डर पोर्टल http://etender.up.nic.in पर प्रतिशत दर के आधार पर निम्नलिखित नियम एंव शर्तो के अधीन ई–निविदा दिनांक 18.11.2021 को अपरान्ह 1.00 बजे से दिनांक 25.11.2021 को अपरान्ह 3.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। उक्त कार्य की 10 प्रतिशत जमानत धनराशि एंव निविदा मूल्य अलग–अलग आर.टी.जी.एस./नेफ्ट के माध्यम से नगरपालिकापरिषद बहराइच के इण्डियन बैंक शाखा डिगिहा बहराइच में स्थित बचत खाता सं0 50383894033 IFS CODE-IDIB000C601 में जमा की जायेगी। फर्मो द्वारा आनलाइन अपलोड की गई उक्त निविदा से सम्बन्धित अभिलेखों (जैसे जमानत धनराशि/निविदा मूल्य की जमा रसीद, आयकर,जी.एस.टी, फर्म के पंजीयन का प्रमाणपत्र,अनुभव प्रमाण पत्र एंव अन्य अभिलेख इत्यादि) की हार्ड कापी (तकनीकी बिड को बन्द लिफाफे में दिनांक 25.11.2021 को अपरान्ह 4.00 बजे तक नगरपालिका परिषद बहराइच के निर्माण अनुभाग में जमा करना होगा। प्राप्त तकनीकी बिड के बन्द लिफाफों को अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0)/प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय बहराइच के कार्यालय पर अधिशाषी अधिकारी एंव अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0)/प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय बहराइच द्वारा उपस्थित फर्मो/ठेकेदारों के समक्ष दिनांक 25.11.2021 को अपरान्ह 4.30 बजे खोली जायेगी। तकनीकी बिड में अर्ह पाये गये निविदादाताओं की ही वित्तीय निविदायें आनलाइन बाद में खोली जायेगी। जिसकी जानकारी ई–टेण्डर पोर्टल पर उपलब्ध होगी। अपलोड की गयी ई–निविदाओं में से किसी भी निविदा अथवा समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त किये जाने का अधिकार अध्यक्ष नगरपालिका परिषद बहराइच को होगा। कार्य का विवरण, अनुमानित लागत, 10 प्रतिशत धरोहर/जमानत धनराशि, निविदा मूल्य सहित विवरण निम्नवत है।

| क्र0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत 12 प्रतिशत जी.एस.टी सहित | वी.क्यू. की धनराशि | 10 प्रतिशत धरोहर/जमानत धनराशि | निविदा मूल्य 18 प्रति0 जी.एस.टी व ई–टेण्डरिंग शुल्क सहित | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | नगर बहराइच के घण्टाघर पार्क में 118.08 फिट (36 मी0) ऊंचा नेशनल फ्लैग की स्थापना का कार्य | 2774607.00 | 2774607.00 | 277500.00 | 3840.00 | 03 माह |

नियम व शर्ते–

1– ई–निविदादाता द्वारा उक्त कार्य की 10 प्रतिशत धरोहर राशि/जमानत धनराशि एंव निविदा मूल्य की धनराशि को अलग–अलग नगरपालिका परिषद बहराइच के इण्डियन बैंक शाखा–डिगिहा बहराइच स्थित बचत खाता संख्या–50383894033 IFS CODE-IDIB000C601 में आर.टी.जी.एस./नेफ्ट के माध्यम से जमा करके जमा रसीद/यू0टी0आर न0 ई–निविदा पोर्टल पर निविदा के साथ अपलोड करना अनिवार्य है एंव मूल जमा रसीद/यू.टी.आर. न0 पालिका में हार्ड कापी के साथ जमा करना होगा अन्यथा निविदा पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

2– ई–निविदा दाता को अपनी फर्म के पंजीयन का प्रमाण पत्र, जी.एस.टी. प्रमाण पत्र, पैन कार्ड, अनुभव प्रमाण पत्र एंव रू0100.00 के स्टाम्प पेपर पर शपथ पत्र ई–टेण्डर पोर्टल पर स्कैन कर अपलोड करना अनिवार्य होगा तथा मूल शपथ पत्र एंव प्रमाण पत्रों की स्व प्रमाणित छायाप्रतियां कार्यालय में हार्ड कापी के साथ जमा करना होगा।

3– समस्त निविदाये ई–टेण्डरिंग के माध्यम से ही स्वीकार की जायेगी, अन्य किसी माध्यम से कोई भी निविदा स्वीकार नही होगी।

4– प्राप्त न्यूनतम निविदा की स्वीकृति उपरान्त न्यूनतम निविदादाता की फर्मो से अनुबंध कराये जाने के पश्चात नियमानुसार कार्यादेश निर्गत किया जायेगा।

5– स्थल पर झण्डे की स्थापना से सम्बन्धित समाग्रियों को न्यूनतम निविदादाता द्वारा अपने खर्च पर स्वय पहुचाना होगा।

6– उक्त कार्य हेतु कम से कम कम तीन निविदायें समस्त औपचारिकताओं सहित आनलाइन प्राप्त होने पर ही न्यूनतम निविदा की स्वीकृति पर विचार किया जायेगा।

7– सशर्त निविदायें स्वीकार नही की जायेगी।

8– उक्त कार्य एंव निविदा की विस्तृत जानकारी नगरपालिका परिषद बहराइच के निर्माण अनुभाग से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

9– किसी भी पंजीकृत फर्म का ठेका स्वीकृत होने/कार्यादेश निर्गत होने के पश्चात यदि कभी भी संज्ञान में आता है कि सम्बन्धित किसी भी अभिलेख (प्रमाण पत्रों)/नियम के अनुसार ठेका पाने के लिए अनर्ह था अथवा सक्रिय रूप से माफिया गतिविधियों असामाजिक कार्यों एंव संगठित अपराधिक गतिविधियों में लिप्त है तो ऐसी दशा में प्रदान किया गया अनुबन्ध/ठेका निरस्त कर दिया जायेगा।

10– स्थलीय सत्यापन के दौरान यदि कार्य की गुणवत्ता में किसी प्रकार की कोई कमी पायी जाती है तो सम्बन्धित ठेकेदार/फर्म द्वारा तत्काल कार्य को मानक के अनुरूप ठीक कराना होगा अन्यथा कोई भी भुगतान नही किया जायेगा।

11– प्राप्त किसी भी ई–निविदा को अथवा समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार अध्यक्ष नगरपालिका परिषद बहराइच को होगा। इस सम्बन्ध में किसी भी ठेकेदार/फर्म का कोई दावा मान्य नहीं होगा। निविदा मूल्य नान रिफण्डेबुल है।

12– नेशनल फ्लैग की स्थापना/निर्माण कार्य स्वीकृत आगणन के अनुसार स्थल पर मानक के अनुरूप गुणवत्ता परक न्यूनतम निविदादाता को कराना होगा।

13– नेशनल फ्लैग की स्थापना का कार्य मानक के अनुरूप पूर्ण कराने के उपरान्त सम्बन्धित फर्म को 05 वर्ष तक तकनीकी रूप से नेशनल फ्लैग के रखरखाव का कार्य करना होगा।

14–निविदा के साथ राष्ट्रीय ध्वज स्थापित करने से सम्बन्धित ड्राईग व डिजाइन सभी विवरण सहित अपलोड करना अनिवार्य होगा।

15– निविदादाता फर्म को भारत देश में नेशनल फ्लैग को स्थापित/लगाने के कार्य में निरन्तर 05 वर्षो का अनुभव होना चाहिए।

16– निविदादाता फर्म को चार्टेड एकाउन्टेन्ट द्वारा निर्मित तीन वित्तीय वर्षो की बैलेन्स शीट निविदा के साथ अपलोड करके छाया प्रतियां हार्ड कापी के साथ संलग्न करना होगा।

17– निविदादाता फर्म को नेशनल फ्लैग स्थापना हेतु स्वीकृत अनुमानित लागत के सापेक्ष कम से कम 80 प्रतिशत धनराशि तक के कार्य करने का अनुभव होना अनिवार्य है।

18– न्यूनतम निविदादाता की निविदा स्वीकृत उपरान्त कोई अग्रिम भुगतान नही किया जायेगा। कार्य प्रगति पर होने के दृष्टिगत रनिंग भुगतान किया जायेगा।

19– स्थल पर कार्य के प्रगति पर होने अथवा पूर्ण होने के उपरान्त शासन द्वारा अनुदान की उपयोगिता अवधि बढाये जाने पर ही भुगतान की कार्यवाही की जायेगी।

20– तकनीकी बिड में अर्ह पायी गयी निविदाओं की ही वित्तीय निविदायें आनलाइन ई–टेण्डर पोर्टल पर खोली जायेगी।

21– उपरोक्त समस्त शर्तों का पालन ठेकेदार/फर्म को करना होगा अन्यथा की स्थिति में स्वीकृत निविदा पर विचार नही किया जायेगा।

22– उक्त कार्य की 10 प्रतिशत धरोहर/जमानत धनराशि एंव निविदा मूल्य की इण्डियन बैंक शाखा डिगिहा बहराइच मे जमा की गयी धनराशि की आर.टी.जी.एस./नेफ्ट की जमा रसीद/यू.टी.आर. नम्बर व शपथ पत्र की मूल प्रति एंव फर्म के पंजीयन का प्रमाण पत्र, जी.एस.टी. प्रमाण पत्र, पैन कार्ड, अनुभव प्रमाण पत्र एंव अन्य अभिलेखों की स्वप्रमाणित छाया प्रतियां सहित हार्ड कापी (तकनीकी बिड) का सीलबन्द लिफाफा दिनांक 25.11.2021 को अपरान्ह 4.00 बजे तक नगरपालिका परिषद बहराइच के निर्माण अनुभाग में जमा करना अनिवार्य होगा अन्यथा निविदा नान रिस्पांसिव घोषित कर दी जायेगी। यदि उक्त तिथि को कोई सार्वजनिक अवकाश घोषित हो जाता है तो सीलबन्द लिफाफा अगले कार्य दिवस मे प्राप्त कर खोला जायेगा।

(दुर्गेश्वर त्रिपाठी)
अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका परिषद
बहराइच।

(रूबीना रेहान)
अध्यक्ष
नगरपालिका परिषद
बहराइच।

पृ0सं0 व दिनांक–उपरोक्त

प्रतिलिपि–
1– जिलाधिकारी महोदय को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
2– अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0)/प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय बहराइच को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
3– नगरपालिका परिषद बहराइच के नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका परिषद
बहराइच।